सड़क सुरक्षा समिति की बैठक : अवध, दुबग्गा, इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहों में होगा बदलाव, समिट बिल्डिंग के पास बनेगा स्थाई डिवाइडर

# चार चौराहे सुधरेंगे, अवैध कट बंद होंगे

**फैसला**

**लखनऊ, प्रसं।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस प्रयास शुरू हो गए हैं। लाटूश रोड से बांसमंडी तक अवैध कट बंद होंगे। समिट बिल्डिंग के पास एकल दिशा पालन कराने के लिए स्थाई डिवाइडर बनेगा। सिग्नल के टाइमर वाहनों के दबाव को ध्यान में रखकर दुरुस्त किए जाएंगे। इसके अलावा अवध चौराहे पर फ्री लेफ्ट चौड़ा किया जाएगा। चारों सड़कों पर 50-50 मीटर की पीली पट्टी पेंट होगी। ताकि कोई वाहन वहां न रुके। सभी चौराहों पर पैदल चलने वालों के लिए जेब्रा क्रॉसिंग बनाई जाएगी। कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सभी सुधार 15 दिनों में करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर दफ्तर सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि जो भी प्रयास हों वे आमजन को दिखने चाहिए। कमिश्नर ने पूर्व में दिए गए निर्देशों पर कितना कार्य हुआ, इसकी भी समीक्षा की। साथ ही कहा कि कई स्थानों पर साइनेज यानी दिशा सूचक पट्ट नहीं लगे हैं वहां लगाए जाएं। इस पर अपर नगर आयुक्त पंकज सिंह ने कहा कि हजरतगंज में बोर्ड लगाने की शुरुआत गुरुवार से हो जाएगी। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बैठक में बताया कि सड़क पर आवागमन में अवरोध बन रहे 118 स्थायी और 16 हजार 694 अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए हैं। अब तक नौ लाख 33 हजार 855 रुपये जुर्माना भी वसूला गया है। दोबारा अतिक्रमण न होने पाए इसके लिए थाना प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में एलडीए उपाध्यक्ष इन्द्रमणि त्रिपाठी, एडीएम प्रशासन बिपिन मिश्र, आरटीओ रामफेर द्विवेदी भी मौजूद रहे।

**दयाल चौराहा दुर्घटना बहुल क्षेत्र:** दयाल चौराहा को दुर्घटना बहुल क्षेत्र घोषित किया गया है। यहां पर इस संबंध में साइनेज लगा दिए गए हैं। इस चौराहे पर रम्बल स्ट्रिप और जेब्रा क्रॉसिंग पेंट करने का कार्य पूरा हो चुका है। कमिश्नर ने अध्ययन कर और सुधार करने का निर्देश दिया है।

**चौराहों की रोटरी बदलें:** जिन चौराहों की रोटरी ज्यादा बड़ी होने से ट्रैफिक रुक रहा है उसे छोटी करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, जिन तिराहों या चौराहों पर रोटरी बनाने से ट्रैफिक संचालन दुरुस्त हो सकता है, वहां बनाने के निर्देश दिए गए हैं।



हुसैनगंज चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था बेपटरी रहती है। बुधवार को बारिश के बाद यहां अनियंत्रित ट्रैफिक से जाम लगा।

## कहां क्या बदलाव

**इंजीनियरिंग कॉलेज**
एप्रोच रोड की ढाल सही की जाएगी। इससे ट्रैफिक संचालन में अड़चन आ रही है। इसके अलावा सिग्नल के टाइमर सही किए जाएंगे।

**दुबग्गा चौराहा**
सिग्नल के टाइमर ठीक किए जाएंगे। सड़क पर सफेद और पीली पट्टी पेंट की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस अतिरिक्त कर्मी तैनात करेगी।

**लाटूश रोड**
गुप्ता चौराहे से बांसमंडी तक डिवाइडर तोड़ कर बनाए गए अवैध कट बंद किए जाएंगे। डिवाइडरों का आकार भी सही किया जाएगा।

**अवध चौराहा**
बाराबिरवां (नहरिया) चौराहे से दुबग्गा तक गति सीमा के बोर्ड लगेंगे। फ्री लेफ्ट की चौड़ाई बढ़ेगी। 50-50 मीटर की पीली पट्टी पेंट होगी।

**50** मीटर की पीली पट्टी पेंट होगी ताकि कोई वाहन वहां न रुके

**15** दिनों में सभी सुधार के निर्देश दिए गए हैं अफसरों को

### समिट बिल्डिंग के पास एकल दिशा व्यवस्था

शहीद पथ से सिग्नेचर बिल्डिंग की ओर से आने वाले वाहन समिट बिल्डिंग के पास विभूतिखंड जाने के लिए उल्टा मुड़ते हैं। इससे जाम लगा रहता है। कुछ साल पहले यहां अस्थायी फाइबर के डिवाइडर लगाए गए थे जिसे वाहन चालकों ने तोड़ दिया। अब यहां एलडीए सीमेंट का डिवाइडर बनाएगा ताकि एकल दिशा मार्ग व्यवस्था लागू हो सके।

### जो साफ दिखाई दे रहा है उसके लिए सर्वे कैसा

कमिश्नर ने बैठक में अधकारियों से कहा कि जो आंखों से साफ दिख रहा है उसके लिए सर्वेक्षण कर समय जाया न करें। यदि किसी चौराहे की रोटरी गड़बड़ है तो दुरुस्त करें। अवैध कट दिखे तो उसके बंद करें। सर्वे में समय बर्बाद न करें।

## शहर 30s

### ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में प्रदर्शन

**लखनऊ।** ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के सदस्य गुरुवार को लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जनपदों में विरोध प्रदर्शन करेंगे। संगठन के अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने कहा कि ऑनलाइन ट्रेडिंग से देश के सात करोड़ व्यापारियों का कारोबार बर्बाद हो रहा है। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम के माध्यम से दिया जाएगा।

### केजीएमयू में मंकी पॉक्स का संदिग्ध मरीज भर्ती

**लखनऊ।** केजीएमयू के संक्रामक रोग यूनिट में मंकी पॉक्स का संदिग्ध मरीज भर्ती किया गया है। गोरखपुर निवासी मरीज को बुखार और शरीर में दाने निकलने के बाद केजीएमयू रेफर कर दिया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि मंकी पॉक्स की आशंका में नमूना एकत्र कर लैब भेजा गया है। डॉक्टरों का कहना है कि मरीज की तबीयत स्थिर है।

### व्यापारियों ने पार्किंग शुल्क बढ़ाने का विरोध किया

**लखनऊ।** ट्रांसपोर्ट नगर व्यापार मंडल एवं वेयर हाउस ओनर्स एसोसिएशन ने नगर निगम द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में पार्किंग शुल्क तीन गुना बढ़ाने का विरोध किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष टीपीएस अनेजा ने कहा कि एलडीए द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना में ट्रांसपोर्ट नगर वासियों के लिए पार्क के स्थान पर पार्किंग की नि:शुल्क व्यवस्था की गई थी।

### रोडवेज लखनऊ क्षेत्र के नोडल बने आरएन वर्मा

**लखनऊ।** रोडवेज बसों की सुविधा यात्रियों तक पहुंचाने और बसों के बेहतर संचालन पर नजर बनाए रखने के लिए लखनऊ परिक्षेत्र के नोडल अफसर के रूप में राज नारायण वर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। आरएन वर्मा प्रधान प्रबंधक प्राविधिक के काम के साथ नोडल अफसर के रूप में लखनऊ परिक्षेत्र के चारबाग, आलमबाग, कैसरबाग, अवध डिपो, उपनगरीय डिपो, रायबरेली डिपो व बाराबंकी डिपो से संचालित बसों की देखरेख करेंगे।

### वैश्य महासमिति के प्रांतीय मंत्री बने संतोष

**लखनऊ।** भारतीय दोसर वैश्य महासमिति ने संतोष चौधरी को प्रांतीय मंत्री व संतोष सेठिया को प्रांतीय संगठन मंत्री मनोनीत किया है। इसके साथ ही बुधवार को हुई बैठक में महासमिति की चिनहट इकाई का गठन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि संदीप गुप्ता पिंटू को अध्यक्ष बनाया गया है। विवेक गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व शैलेंद्र गुप्ता टीटू, श्रवण कुमार गुप्ता नन्हा, मुकुल गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता को उपाध्यक्ष, बृजेंद्र गुप्ता को महामंत्री बने।



लखनऊ व्यापार मंडल और होटल कारोबारियों ने बुधवार को बैठक की ।

### होटल कारोबारियों को प्रशिक्षित करे सरकार

**लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मंडल ने जिला एवं पुलिस प्रशासन पर होटल कारोबारियों पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। संगठन के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा ने कहा कि छोटे कारोबारी जो बजट होटल चलाते हैं वो देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है। उन्होंने राज्य सरकार से संबंधित विभागों व होटल कारोबारियों की कमेटी बनाकर समस्या का स्थायी समाधान की मांग की। कार्यक्रम में महामंत्री उमेश शर्मा, राजेंद्र सिंह, सतपाल मीत मौजूद रहे।

### शाइन सिटी के निदेशक पर एक साथ दस मुकदमे

**लखनऊ।** शाइन सिटी घोटाले की जांच कर रहे विवेचकों ने गोमतीनगर कोतवाली में राशिद नसीम के खिलाफ दस मुकदमे दर्ज कराए हैं। न्यायालय के समक्ष पेश होने के लिए कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी राशिद सामने नहीं आया है। इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह राशिद नसीम के खिलाफ गोमतीनगर कोतवाली में दर्ज हुए नौ मुकदमों की विवेचना कर रहे हैं।

### किसान- एयरपोर्ट प्रशासन के बीच वार्ता बेनतीजा

**लखनऊ।** किसान, एसडीएम और एयरपोर्ट प्रशासन के बीच बुधवार को सरोजनीनगर तहसील में हुई वार्ता बेनतीजा रही। बेहसा, फर्रुखाबाद चिल्लावां, भक्ति खेड़ा व रहीमाबाद के किसानों ने मजबूती से अपनी बात रखी और अपने कागजात एसडीएम के सामने पेश किए। किसानों का कहना है कि एयरपोर्ट प्रशासन किसानों को मुआवजा दिए जाने के कोई कागजात नहीं दिखा सका।

## शहर के 18 चौराहे बनेंगे स्मार्ट, जाम से देंगे निजात

**सुधार**

**लखनऊ, कार्यालय संवाददाता।** आने वाले दिनों में लखनऊ के 18 चौराहे जाम मुक्त होंगे। इसके लिए मंडलायुक्त के नेतृत्व में कवायद तेज हो गई है। आरटीओ के सर्वे रिपोर्ट पर खामियों को दूर किया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर स्मार्ट सिटी परियोजना के बजट से चौराहों को सुधारा जाएगा। चिह्नित किए गए चौराहों को सुधारने के लिए पांच विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। एक सप्ताह के भीतर प्रस्ताव बनाकर 15 दिनों में काम शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

जिन बारह चौराहों को स्मार्ट बनाने के लिए चिह्नित किया गया है उनमें मटियारी चौराहा, बालागंज चौराहा, कोनेश्वर चौराहा, सुषमा हॉस्पिटल चौराहा, अलकापुरी चौराहा, पेपर मिल, निशातगंज आदि शामिल हैं। इन चौराहों पर वाहनों के ट्रैफिक लोड ज्यादा होने के चलते सुधारा जाएगा।

**दूसरे चरण में छह और चौराहे चिह्नित हुए :** हजरतगंज चौराहा, इंजीनियरिंग कॉलेज से जानकीपुरम, भिटौली चौराहा से सीतापुर रोड, दुबग्गा चौराहे से हरदाई रोड, बाराविरवां चौराहा से अवध चौराह और शहीद पथ से अयोध्या रोड और कानपुर रोड।

### छह सुझावों पर काम होगा

1. हर चौराहे पर दिशा सूचक साइनेज बोर्ड लगाया जाए
2. चौराहे के 50 मीटर के दायरे में नो वेंडिंग जोन
3. चौराहे के 50 मीटर के दायरे में नो पार्किंग स्थल
4. जरूरत के मुताबिक डिवाइडर और स्पीड ब्रेकर
5. बड़े चौराहे पर आईलैंड से ट्रैफिक कंट्रोल करेंगे
6. मुख्य मार्गों पर बने अवैध कट को बंद कराए जाएं

### पांच विभागों को जिम्मेदारी

पीडब्लूडी, एनएचआई, नगर निगम, यातायात विभाग और परिवहन विभाग को चौराहे को जाम से मुक्त बनाए जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

"लखनऊ को जाम मुक्त बनाने की दिशा में अभी तक दो चरणों में 18 चौराहों का सर्वे हुआ है। जिसकी रिपोर्ट पर स्मार्ट सिटी के तहत चौराहे पर सुधार कराया जाएगा। ताकि जाम की समस्या काफी हद तक दूर हो सके।

**रामफेर द्विवेदी**
आरटीओ प्रशासन लखनऊ

## 21 तक होगी अवैध वाहनों की धरपकड़

**लखनऊ।** डीएम के निर्देश पर दूसरे दिन बुधवार को लखनऊ के छह चौराहों पर 26 अनाधिकृत यात्री वाहन पकड़े गए। रोडवेज और परिवहन विभाग के संयुक्त चेकिंग अभियान अवध चौराहे से लेकर शहीदपथ, तेलीबाग, सीतापुर रोड़, अयोध्या रोड और कैसरबाग में चलाया गया। इस दौरान 14 वाहनों का चालान करते हुए 12 वाहन बिना फिटनेस और टैक्स बकाए में विभिन्न थानों में बंद कराए गए। डीटीसी लखनऊ परिक्षेत्र निर्मल प्रसाद ने बताया कि 21 सितंबर तक लगातार छापेमारी होगी। इससे जाम से काफी हद से राहत मिलेगी।

## पार्किंग में सरकारी दफ्तर और फूड कोर्ट

**सुविधा**

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** कानपुर रोड पर बनाने वाली पार्किंग में 500 भारी वाहन खड़े हो सकेंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण को पार्किंग की डिजाइन की जिम्मेदारी मिली है। पार्किंग में फूड कोर्ट के साथ आरटीओ, जीएसटी का दफ्तर के साथ मकैनिक तथा पंचर की दुकानें, ड्राइवरों के लिए शेड सहित अन्य तमाम सुविधाएं भी विकसित करने की तैयारी है।

कानपुर रोड तथा फैजाबाद रोड पर पार्किंग के निर्माण के संबंध में एक सितंबर को संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था की अध्यक्षता में बैठक हुई। लखनऊ कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कटी बगिया, बनी प्रधान ढाबा के पास भारी वाहनों की पार्किंग के लिए जगह चिह्नित की गई है। इसका एलडीए के अधिकारियों ने निरीक्षण किया है। एलडीए को इसकी डिजाइन तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह लखनऊ बाराबंकी राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी स्थल चिह्नित किया गया है। यहां भी कम से कम 400 भारी वाहनों की पार्किंग बनाने की तैयारी है। वहीं सीतापुर रोड पर अभी भारी वाहनों की पार्किंग बनाने के लिए इंतजाम नहीं हो पाया है। इसके लिए अधिकारी सर्वे कर रहे हैं।

### कानपुर रोड : इन सुविधाओं के विकास की तैयारी

हाईवे पर विकसित होने वाली भारी वाहनों की पार्किंग के साथ-साथ ड्राइवर तथा क्लीनर की रोकने के लिए शेड भी होगा। उनके पीने के पानी का इंतजाम भी रहेगा। शौचालय ब्लॉक भी बनेगा। इसके अलावा कुछ सरकारी दफ्तर भी रहेंगे। आरटीओ कार्यालय भी बनाने का प्रयास है। गाड़ियां खराब होने पर इनकी मरम्मत के लिए दुकानें भी रहेंगी। इसमें पंचर के साथ मकैनिक की दुकान भी रखने की योजना है। फूड कोर्ट में सभी राज्यों के खाने पीने के सामान भी उपलब्ध होंगे।

## ब्लैक स्पॉट पर पुलिसकर्मी तैनात होंगे

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** एडीजी ट्रैफिक अनुपम कुलश्रेष्ठ ने कहा कि हाइवे पर ब्लैक स्पॉट चिह्नित करके अलग से पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। साथ ही वहां साइन बोर्ड भी लगवाए जाएंगे।

वह बुधवार को यातायात पुलिस से जुड़े अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर रहीं थीं। उन्होंने सभी जिलों से उनके-उनके क्षेत्रों से गुजरने वाले नेशनल हाइवे, स्टेट हाइवे व एक्सप्रेस-वे के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी। उन्होंने बताया कि नवंबर में यातायात माह मनाया जाएगा, जिसके लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई जा रही है। हाइवे पर होने वाले हादसों को रोकने के लिए यातायात निदेशालय प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर रहा है। इसके तहत पिछले तीन साल में हुए हादसों का अध्ययन कर ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए जाएंगे।

### चेकिंग में बॉडी वार्न कैमरे अनिवार्य

एडीजी ट्रैफिक ने कहा कि यातायात से जुड़े पुलिसकर्मियों के लिए बॉडी वार्न कैमरे अनिवार्य कर दिए गए हैं। चेकिंग के दौरान उन्हें बॉडी वार्न कैमरा लगाना होगा। प्रदेश के जिन 16 जिलों में आईटीएमएस लागू है, वहां बॉडी वार्न कैमरों की लाइव फीड भी कंट्रोल रूम को मिलेगी। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान अंग प्रत्यारोपण के लिए ग्रीन कॉरीडोर बनाने की व्यवस्था के बारे में भी जानकरी दी गई। इस दौरान एडीजी के साथ पीजीआई लखनऊ के चिकित्सक भी मौजूद रहे।

## सड़कों पर ई-रिक्शा का फिर से कब्जा

**लखनऊ।** शहर के 11 प्रतिबंधित सड़क मार्ग पर फिर ई रिक्शा वालों का आंतक है। यही वजह है कि शहर के हजरतगंज से लेकर विभिन्न चौराहे और तिराहे पर ई रिक्शा के चलते वाहन सवार जाम के झाम में फंसकर परेशान हो रहे हैं। ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में चार महीने पहले की गई कवायद फेल साबित हो रही है। यूपी मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 115 की शक्तियों के तहत इन्हें प्रतिबंधित किया गया था।

**King George's Medical University U.P., Lucknow**
**Custom Bid Inviting Notice**

Notice No. 14/GeM/PS/FO/22-23 Date: 14.09.2022

Custom bid on GeM portal has been invited on GeM portal under 02 e-bid systems (technical & financial) for the Purchase of equipment (s) for Advance Diabetic Retinopathy Centre from the original manufacturer or their authorized Indian agents on the terms and conditions as per custom bid document. Short details can be viewed at kgmu.org & detailed will be available on GeM portal.

(Finance Officer)

## ब्रेनडेड के परिजनों को अंगदान के लिए तैयार करेगी पुलिस

**लखनऊ।** घायलों को पुलिस जल्द अस्पताल पहुंचाने में मदद करे। ब्रेनडेड की आशंका होने पर ऐसे अस्पताल पहुंचाएं। डॉक्टर के ब्रेन डेड घोषित करने पर परिजनों को अंगदान के लिए तैयार करें। यह बातें राज्य अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (सोटो) और पुलिस के बीच ब्रेन डेड के अंग प्रत्यारोपण को बढ़ाने की दिशा में आयोजित बैठक में सोटो के नोडल अफसर डॉ. राजेश हर्षवर्धन ने कहीं। कार्यशाला में पुलिस के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

## एलडीए की बोर्ड बैठक 24 को, नए क्षेत्रों को शामिल करने पर फैसला

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** एलडीए बोर्ड की बैठक 24 सितंबर को होगी। कमिश्नर ने बैठक की तिथि निर्धारित कर दी है। इसी के साथ एलडीए ने बोर्ड बैठक का प्रस्ताव तैयार करना शुरू कर दिया है। फिलहाल बोर्ड बैठक में बाराबंकी के कुछ क्षेत्र को एलडीए की सीमा में शामिल करने का प्रस्ताव रखा जा रहा है। यहां के कई ब्लॉक एलडीए की सीमा में शामिल होंगे। जिसके बाद प्राधिकरण की विकास सीमा बढ़ जाएगी। इसके अलावा लखनऊ के डिजिटल मास्टर प्लान को भी मंजूरी के लिए रखा जाएगा।

मास्टर प्लान के संबंध में आपत्तियां व सुझाव मांगे गए हैं। इन आपत्तियों एवं सुझाव की सुनवाई होगी। मंजूरी के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। कई अन्य प्रस्ताव ही रखे जा रहे हैं।

**आवास विकास परिषद की बोर्ड बैठक 26 को, मिलेगी फ्लैट में रियायत:** उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद की बोर्ड बैठक 26 सितंबर को होगी। प्रमुख सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण ने बोर्ड बैठक की तिथि निर्धारित कर दी है। रिक्त फ्लैटों में 25% तक छूट दिए जाने का प्रस्ताव रखा जाएगा। अब आम खरीदारों को भी इसमें छूट दिए जाने की तैयारी है।

### नगर निगम कार्यकारिणी 18 को

नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक अब 18 सितंबर को होगी। पहले कार्यकारिणी की बैठक 16 सितंबर को प्रस्तावित थी। कुछ प्रस्ताव तैयार न हो पाने की वजह से कार्यकारिणी की बैठक की तिथि बढ़ाई गई है।

## खाने की नली में कैंसर का लेप्रोस्कोप से ऑपरेशन

**नई जिंदगी**

**लखनऊ, कार्यालय संवाददाता।** पीजीआई के गैस्ट्रो सर्जरी के डॉक्टर ने खाने की नली में पनप रहे कैंसर का लेप्रोस्कोपिक आधारित नई तकनीक से ऑपरेशन कर युवक को नया जीवन दिया है। इस तकनीक को थोरेको लेप्रोस्कोपिक मैकियान प्रोसीजर विथ अनयूजुअल आर्टरी नाम दिया है। डॉक्टर का दावा है ऐसा ऑपरेशन देश में पंजीकृत नहीं है। डॉक्टर इसे प्रकाशित होने के लिए जर्नल को भेजेंगे।

शाहजहांपुर निवासी 30 साल के साजिद का 10 साल पहले पैंक्रियाज का ऑपरेशन हो चुका है। गैस्ट्रो सर्जरी विभाग के डॉ. अशोक कुमार द्वितीय ने बताया कि मरीज को खाना निगलने में दिक्कत हो रही थी। जांच में खाने की नली में कैंसर निकला। पहले कीमो देकर कैंसर की गांठ को छोटा किया। आमाशय से नई खाने की नली बनायी और इसे गले से जोड़ा। ऑपरेशन में छह घंटे लगे। मरीज अब वह भोजन भी कर रहा है। ऑपरेशन टीम में डॉ. अशोक कुमार( द्वितीय), डॉ. नलिनीकांत, डॉ. रवींद्र, डॉ. साईं कृष्णा आदि रहे।

**ARYAVART BANK** आर्यावर्त बैंक
(A Joint Undertaking of Govt. of India, U.P. Govt. & Bank of India) (भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार एवं बैंक ऑफ इण्डिया का संयुक्त उपक्रम)
क्षेत्रीय कार्यालय : लखनऊ, आर्यावर्त भवन, 569/20/के/1, स्नेह नगर, वी.आई.पी.रोड, अवध हॉस्पिटल के सामने, आलमबाग, लखनऊ

परिशिष्ट–IV-A [नियम 8 (6) देखें]
**अचल सम्पत्ति के बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के साथ पढ़ा गया। नोटिस जनता को दिया जाता है और विशेष रूप से ऋणी(ओं) और गारंटर(ओं) को दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति को गिरवी रखा गया है, प्रतिभूति लेनदार को चार्ज किया जाता है, जिसका कब्जा आर्यावर्त बैंक जोकि सिक्योर्ड क्रेडिटर है जिसके प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, "जो है जहां है, जैसा है" को नीचे दी गई तारीखों पर बेचा जाएगा:

| ऋणियों / जमानतदारों एवं शाखा का नाम एवं पता | बकाया राशि / माँग सूचना की तिथि | अचल सम्पत्ति का विवरण / कब्जे का प्रकार | आरक्षित राशि (रू) / धरोहर राशि (रू) / बिड बढोत्तरी राशि |
|---|---|---|---|
| **ऋणी: 1. मेसर्स बाबा अमरनाथ बर्फानी– प्रोप. श्री शैलेंद्र मेहरोत्रा,** 538के/984, श्रीपुरम त्रिवेणी नगर 2, निराला नगर, लखनऊ–226020<br>**2. श्री शैलेंद्र मेहरोत्रा पुत्र श्री विजय कुमार मेहरोत्रा,** 538के/984, श्रीपुरम त्रिवेणी नगर 2, निराला नगर, लखनऊ–226020<br>**बंधककर्ता एवं जमानतकर्ता: श्रीमती सुनीता गुप्ता पत्नी सुरेश चंद्र गुप्ता,** जीएफ–101–हर्ष अपार्टमेंट, 512/107, 6 लेन निशातगंज, नई हैदराबाद, लखनऊ– 226007<br>**जमानतकर्ता: श्री अनुज कुमार जायसवाल पुत्र श्री रमेश चंद्र जायसवाल,** 388, श्रीराम नगर कॉलोनी, कार्बन फैक्ट्री के पीछे, पिप्रिया बाई पास, लखीमपुर खीरी–262701<br>**शाखा: विकास नगर** | रू. 8,35,319.01 + ब्याज एवं अन्य शुल्क<br>21.08.2021 | **आवासीय सम्पत्ति:** प्लॉट सं. 01, गाटा सं. 114 स मिंज, रूधि परगना–महोना, तहसील–बख्शी का तालाब, लखनऊ, **मालिक:** श्रीमती सुनीता गुप्ता पत्नी सुरेश चंद्र गुप्ता, **चौहद्दी (बिक्री विलेख के अनुसार): पूर्व:** 22' चौड़ा रास्ता, **पश्चिम:** भूमि दीगर शक्स, **उत्तर:** प्लॉट नंबर 02 (उर्मिला तिवारी), **दक्षिण:** एयर फोर्स रोड<br>**भौतिक कब्जा** | रू. 18,92,000/–<br>रू. 1,89,200/–<br>रू. 10,000/– |

**ई–नीलामी की दिनांक 20.10.2022 समय सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक**
**बिड जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 17.10.2022, सायं 4:00 बजे तक**

ईएमडी जमा करने के लिए विवरण:–खाता सं. 001100200000034, IFSC Code BKID0ARYAGB खाता नाम– एमबीबी ट्राजक्शन जिसमे " ई–एमडी डिपोजिट" कार्यमार्क भी होना चाहिए या क्षेत्रीय प्रबंधक आर्यावर्त बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ के पक्ष में किसी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक द्वारा जारी किये गये बैंक ड्राफ्ट के द्वारा।

**नीलामी की नियम एवं शर्ते निम्नलिखित है**

1–ई–नीलामी **"जो है जहां है,जो है जैसा है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर हमारे मान्यताप्राप्त सेवा प्रदाता मेसर्स ई–प्रक्योरमेंट टेकनोलॉजिज लिमिटेड (ऑक्सन टाइगर) के द्वारा संचालित की जायेगी।

2–सम्पूर्ण ई–नीलामी प्रक्रिया, आस्तियों का विवरण सम्बन्धी दस्तावेज, ऑनलाइन ई–ऑक्सन बिड फॉर्म, घोषणा एवं अडंरटेकिंग फार्म, ऑनलाइन नीलामी बिक्री की सामान्य नियम एवं शर्ते वेबसाइट– https://sarfaesi.auctiontiger.net. पर उपलब्ध है। सम्पर्क:– विनय सिंह, मो. 9140142862, 9807366624, राम शर्मा, मो. 9978591888 हेल्प लाइन नं. 9265562821, 079–68136837/80/90– 9265562818, ई–मेल–support@auctiontiger.netup@auctiontigernet, ramprasad@auctiontigernet पर सम्पर्क करें।

**वैधानिक ब्याज प्रवर्तन नियम 2002 के अन्तर्गत (नियम 8(6)//नियम9(1) वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना)**

इसे ई–नीलामी बिक्री की होल्डिंग अंतर्गत उक्त ऋण के उधारकर्ता और गारण्टर नियम को सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नोटिस के नियम 8(6)/नियम 9(1) के रूप में भी माना जा सकता है।

दिनांक: 15.09.2022 स्थान: लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी

**स्वास्थ्य** | विश्व लिम्फोमा कैंसर जागरूकता दिवस आज, विशेषज्ञ बोले- गिल्टियां बन रही हैं तो तुरंत संजीदा हो जाएं

## गले में गांठ हमेशा टीबी नहीं होती, लिम्फोमा का खतरा

**लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता।** लगातार तेज बुखार। वजन में कमी। पसीना और गले या शरीर के दूसरे अंगों में गिल्टी। टीबी जैसे लक्षण दिखने वाली यह बीमारी खतरनाक लिम्फोमा कैंसर भी हो सकता है।चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में रेडियोथेरेपी विभाग के डॉ. प्रमोद गुप्ता के मुताबिक शरीर में पड़ने वाली गांठ को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। खासतौर बुखार और वजन में गिरावट के साथ शरीर में गिल्टियां पनप रही हैं तो संजीदा हो जाना चाहिए। यह कैंसर के लक्षण भी हो सकते हैं। खून व गिल्टी की जांच कर कैंसर का पता लगा सकते हैं। हालांकि 80 फीसदी गिल्टियां कैंसर नहीं होती है।

**बदल जाती है खून की सूरत:** डॉ. प्रमोद गुप्ता के मुताबिक लिम्फोमा कैंसर की पहचान में खून की जांच से भी की जा सकती है। गिल्टी की एफएनएसी जांच व बायोप्सी से बीमारी का पता लगाया जा सकता है। अल्ट्रसाउंड व सीटी स्कैन से बीमारी का स्टेज पता । शरीर में इस कैंसर की मौजूदगी से खून की सूरत (पिक्चर) बदल जाती है। खून के मानक जांच में गड़बड़ मिल सकते हैं। कैंसर संस्थान में रेडियोथेरेपी विभाग के अध्यक्ष डॉ. शरद सिंह के मुताबिक लिम्फोमा कैंसर का शुरुआत में बेहतर इलाज है। नई दवाओं से मरीज कैंसर से मुकाबला कर सकता है। कुछ मरीजों में कीमोथेरेपी व रेडियोथेरेपी दोनों देने की जरूरत पड़ती है। 75 से 80 फीसदी मरीज इलाज के बाद पूरी तरह स्वस्थ हो जाते हैं।



**10%** प्रतिशत अस्पतालों में आने वाले मरीज लिम्फोमा कैंसर के होते हैं कुल कैंसर मरीजों में

### बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक को बनाता है निशाना

हिमैटोलॉजिस्ट डॉ. भूपेंद्र सिंह के मुताबिक नई दवाओं से इलाज आसान हो गया है। मरीज में दुष्प्रभाव भी कम होते हैं। कुल कैंसर में आठ से 10 फीसदी मरीज लिम्फोमा की चपेट में होते हैं। लिम्फोमा दो प्रकार का होता है। पहला हॉज्किन्स लिम्फोमा। जो बच्चों में देखने को मिलता है। इसकी शुरुआत गले से होती है। दूसरे प्रकार के लिम्फोमा को नॉन हॉज्किन्स कहते हैं। यह अधेड़ व बुजुर्गों को निशाना बनाता है। राहत की बात यह है कि बीमारी जिस तेजी से बढ़ती है कीमोथेरेपी से तेजी से ठीक होती है। अब इम्योनोथेरेपी व सेल थेरेपी नए विकल्प के रूप में मौजूद हैं।

**बीमारी पकड़ में नहीं आती**

गले के आस-पास गिल्टियां, बुखार, भूख न लगना समेत दूसरे लक्षण नजर आने पर कुछ डॉक्टर टीबी समझकर इलाज शुरू कर देते हैं। केजीएमयू, लोहिया, कैंसर संस्थान समेत दूसरे अस्पतालों में ऐसे आठ से 10 फीसदी मरीज आ रहे हैं। जिन्हें लिम्फोमा है।

# Average tenure of DMs goes up to 18 months in state

Most officers attribute the increase in average tenure to stability on the political horizon

**Umesh Raghuvanshi**
uraghuvanshi@hindustantimes.com

**LUCKNOW :** The average tenure of district magistrates is going up in Uttar Pradesh from about six months a decade ago to 18 months now. It, however, still remains below the tenure of two years for them.

A fixed and longer tenure provides an opportunity to implement the programmes that the officers may visualise in their districts when posted as district magistrates.

Although there have been instances when the district magistrates have remained posted in a district for more than five years, the shortest tenures may have been in days in certain districts of Uttar Pradesh.

P Wyndom is often quoted as the district magistrate having the longest- ever tenure of 13 years in Mirzapur during the British regime (1900 to 1913). A popular tourist spot, Wyndom Falls in Mirzapur, and a development block, Wyndomganj in neighbouring district of Sonbhadra (which was part of Mirzapur till 1989), stand testimony to his association with the region.

"Yes, many officers have had more than a five-year tenure as district magistrate. Mirzapur had P Wyndom as district magistrate for nearly 13 years during the British period (1900-1913). Wyndom agreed to his transfer from Mirzapur only when the government decided to send him as divisional commissioner in the hills," said Rohit Nandan, former IAS officer, who also once worked as chairman and managing director of Air India.

An increase in the average tenure of district magistrates and district police chiefs is now a point of discussion in the corridors of power.

"Yes, we have average tenure of 18 months now against nearly 10- and-a-half months during the Samajwadi Party regime," said a senior officer. Those aware of developments in the state home department said the average tenure for the district police chiefs has gone up to nearly two years against the average of one year during the Samajwadi Party rule.

Most officers attribute the increase in average tenure to stability on the political horizon.

"This is an outcome of the strong will of chief minister Yogi Adityanath. There must be political pressure from politicians even now. But it is for the chief minister whether to succumb to pressure or ignore them," said Professor SK Dwivedi, former head of the department of political science, Lucknow University.

Generally, three-year tenure is given to employees and officers on most of the posts. In case of district magistrates, a two- year period was considered when the state government filed an affidavit in the Supreme Court about 10 years ago. Yet, successive governments continued to transfer officers before completion of their tenure on various posts in the name of public interest.

A Civil Service Board was set up about a decade ago to make recommendations on the transfer of officers and examine factors responsible for premature transfers in an obvious bid to ensure that all the officers holding posts of district magistrates and district police chiefs get a two-year term.

"An improvement in average tenure of officers is welcome. We hope the average tenure will reach two years soon," said former chief secretary Alok Ranjan..

## Five IAS officers seek VRS within a month

**HT Correspondent**
letters@hindustantimes.com

**LUCKNOW :** Five Indian Administrative Service (IAS) officers seeking voluntary retirement from the prestigious service within a month have set the bureaucracy in Uttar Pradesh abuzz with speculation.

Special secretary (Revenue) Gurrala Sreenivasulu is the latest officer who has moved an application for voluntary retirement to chief secretary Durga Shankar Mishra and additional chief secretary (Appointment) Devesh Chaturvedi on Tuesday.

A 2005-batch IAS officer, Sreenivasulu was on inter-cadre deputation to his home state Andhra Pradesh from 2016 to 2022. He returned to the parent cadre in July and was posted as special secretary (Finance) on July 29. On Sept 6, he was transferred to the revenue department in the same capacity.

Vidya Bhusan, a 2008-batch IAS officer posted as managing director of Purvanchal Vidyut Vitran Nigam, opted for voluntary retirement on September 5. His wife, Indian Police Service (IPS) officer Alankrita Singh, was suspended by the state government on the charge of negligence in duty and indiscipline in April.

In August, three IAS officers Renuka Kumar (1987 batch), Juthika Patankar (1988 batch) and Vikas Gothalwal (2003 batch) opted for voluntary retirement.

State IAS Association president RK Tiwari said, "It's the personal decision of the officer to move out of the service for better options in the private sector. Voluntary retirement is not an uncommon phenomenon..."

A senior IAS officer said the "changing working situation" in the service, political pressure and better options in the private sector are stimulating the officers to take voluntary retirement. In some cases, when the state government turned down the voluntary retirement request, the officers sent resignation letters. This indicates that the all India service does not fascinate the officer, he said.

## Pilgrims made to apologise for roadside namaz

**HT Correspondent**
letters@htlive.com

**LUCKNOW :** Vishwa Hindu Parishad (VHP) activists confronted a group of Muslim pilgrims from West Bengal on their way to Ajmer, making them apologise for offering namaz by the roadside in UP's Shahjahanpur and then sending them to the local police station.

On Tuesday, a video clip, purportedly of the incident, showed some men holding their ears in a gesture of apology.

A couple of them were seen doing sit-ups. The incident took place on Sunday, but the police issued their version on Wednesday.

SP (Shahjahanpur) S Anand confirmed that a few people from West Bengal travelling to Rajasthan in a bus were found offering namaz on the road under Tilhar police station limits in Shahjahanpur. They were issued challans and then left for their journey ahead, he added.

ASP Sanjeev Vajpayee told media persons, "Eighteen people, who were on their way to Ajmer Sharif Dargah, were brought to the Tilhar police station on Sunday night with the complaint that they were offering namaz on the roadside. These people were released after they gave a written apology and were issued a challan."

EIGHTEEN PEOPLE, WHO WERE ON THEIR WAY TO AJMER SHARIF, WERE BROUGHT TO TILHAR P.S. AFTER A COMPLAINT THAT THEY WERE OFFERING NAMAZ ON THE ROADSIDE. THEY WERE RELEASED LATER, SAID THE SP OF SHAHJAHANPUR

Local VHP leader Rajesh Awasthi, who reported the matter to police, stated, "I was on my way to some place when I saw some men offering namaz on the roadside." Awasthi said he told them that they were in Uttar Pradesh, where offering namaz in the open was prohibited.

In a video that surfaced on social media, the VHP members were purportedly heard asking some passengers of a bus to hold their ears and apologize.

Later, the bus left for Ajmer.

INPUT FROM AGENCIES :

{ BETTER POLICING }

## 18 NEW POLICE STATIONS, 22 NEW OUTPOSTS IN 15 U.P. DISTS

**HT Correspondent**
letters@htlive.com

**LUCKNOW :** The state government, on Wednesday, approved formation of 18 new police stations and 22 new police outposts in nearly 15 districts of the state. The decision is aimed at improving vigilance and policing across the state, officials said.

A tourist police station in Kushinagar, an international Buddhist pilgrimage centre in east U.P., has also been approved for the benefit of tourists, officials said.

According to a press note issued by the state's home department, principal secretary (Home), Sanjay Prasad has issued orders about the new police stations and outposts and which would help in curbing crime against women and in instilling sense of security among people.

A home department official said two police stations, Web City and Crossing Republic, have been formed in Ghaziabad district.

The officer said Rahimabad police outpost under Malihabad police station in Lucknow Rural has been upgraded as a separate police station and Rania outpost under Akabarpur police station of Kanpur Dehat has been upgraded as a separate police station.

## LU online counselling starts from tomorrow

**LUCKNOW :** The Lucknow University will begin online counselling for admission to undergraduate courses from September 16 to 18. As the entire counselling process is online, there is no reason for students to come to university, be it seat locking or fee submission. It will be done in online mode, according to university spokesperson Durgesh Srivastava. Successful candidates will be able to lock their seats in accordance with their merit. Srivastava said, "Results of LLB (Integrated 5 Years), B.Com (NEP), BJMC B.Sc (Agriculture) and BEEld-BVA courses have been uploaded on the LU website." HTC

## 'Charles loves everything about India'

Veteran politician reminisces his interactions with the newly crowned king of the UK when the latter visited India and during the former's visits to London

**HT Correspondent**
letters@hindustantimes.com



Ammar Rizvi, then minister of parliamentary affairs, welcoming Prince Charles of Wales in Agra in November, 1980 SOURCED

**LUCKNOW:** The newly crowned King Charles III (the erstwhile Prince of Wales) is a wonderful and dynamic person. He likes to meet common people and is very sympathetic towards Indians. He has a great love and aspirations not only for India but for its people and everything that is there in India, said veteran politician and two-time former acting chief minister of UP, Syed Mohammad Ammar Rizvi.

"He is a huge admirer of Indian culture, Indian food and is very fond of Puris. Besides, he also loves the company of children," he added.

"We met for the first time, but it didn't feel like a first meeting because he knew who he was meeting. He extended a warm handshake and addressed me by name," remembers Rizvi.

Rizvi is one of those few people who had spent time with King Charles III when he visited India in the 1980s and several times at Buckingham Palace in London.

Following the death of Queen Elizabeth II, the United Kingdom's longest-serving monarch, on Thursday, the reign was passed on to her eldest son, Charles, who was declared the new King of Britain on Saturday.

"I was asked by the then Indian Prime Minister Indira Gandhi to be with him during his visit to Taj Mahal in Agra and other places. I had the privilege to stay with him for about four days out of his 13-day visit on behalf of the government of India and government of UP," he said.

Reminiscing his visit to Agra and Fatehpur Sikri, he said, "The (then) Prince was glued to Taj for a few minutes. He was so mesmerised by the Taj's beauty that he stopped there and kept looking at it and didn't allow others to disturb him."

Before his visit to Agra, he visited Fatehpur Sikri and liked the architecture and arrangements, especially the folk singers singing beside the pond on the premises. There he ate traditional chicken and Parathas which he loved much.

Rizvi also recalls presenting the Prince with a model of the Taj Mahal as a souvenir, and a hand-woven carpet, after organising an exhibition of 60 weavers from state to select the best item. In exchange, Charles gave him a book on the Second World War and a tie, which he still has.

"He is one of those statesmen and leaders of the world who knows the ground realities of his country. I have written a letter to him , congratulating him on his reign as the new King of the United Kingdom," said Rizvi.




A programme organised by Regional Passport Office, Lucknow, on the occasion of Hindi Diwas SOURCED

### Hindi Diwas celebrated

**LUCKNOW :** A programme was held at the regional passport office, Lucknow, to mark the launch of the Hindi fortnight from September 14 to 28, on the occasion of Hindi Diwas. Regional passport officer, Kanishk Sharma started Hindi Pakhwada by lighting the lamp. A Hindi workshop was also organised on this occasion, the subject of which was official language policy, rules and comment writing.

### All 4 Passport Seva Kendras to function on September 17

**LUCKNOW :** In view of the ever-increasing demand for police clearance certificates (PCC) , all four Passport Seva Kendras under the passport office, Lucknow – Lucknow, Kanpur, Gorakhpur and Varanasi will remain open on September 17. Applicants who have already taken appointments can reschedule their appointment to the said date. HTC

## 3 killed as trucks collide

**LUCKNOW :** Three bystanders were killed and seven others injured when a truck overturned on a tea stall after collision with another truck, at the Kurebhar market area of Sultanpur district on Wednesday morning.

The station house officer (SHO) of the local police station, Lakshmi Kant Mishra, said 10 people were gathered at the tea stall when the incident took place. The three people killed were identified as Rajesh Agrahari (38), Rajan Tiwari (58) and Rakeh Kausadhan (35) and their bodies were sent for autopsy.

## Fake admit card: 1 held

**LUCKNOW :** A case has been registered on Wednesday against a man who was arrested for taking Railway Recruitment Cell (RRC ) examination on behalf of a candidate using a fake admit card, police said. The man has been identified as Ajeet Kumar, 27, resident of Mathura who had appeared in place of a candidate named Rocky Kumar.

Ajit Kumar arrived to take the RRC Level-1 (Railway Recruitment Cell) examination at a centre situated near BKT on Tuesday. He was caught when admit card of candidates were being checked. HTC


कार्यालय : परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई-14
यू0पी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम) CIN: U150UP1976SGC004285
इन्द्रपुरी, नियर पुलिस चौकी, भोला खेड़ा, लखनऊ-226 028 | Email: uppcl.pm14@gmail.com
pm14@upprojects.org , website: https://upprojects.upsdc.gov.in
GSTIN: 09AAACU3393F1Z8
ISO 9001 : 2015

पत्रांकः 1298 / पी0सी0एल0 / परि0 प्र0-14 दिनांकः 06 / 09 / 2022

अति अल्पकालीन ई-निविदा

यू0पी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0, निर्माण इकाई-14, लखनऊ के अन्तर्गत BALANCE WORK FOR CONSTRUCTION OF MULTIPURPOSE HALL AT PRD AND YOU WELFARE H.Q. CAMPUS ANAND NAGAR JAIL ROAD, LUCKNOW हेतु इस कार्यालय के नोटिस सं0-37 / यू0पी0पी0सी0एल0 / पी0एम0-14 / 2022-23 दिनांक 06.09.2022 द्वारा ई-निविदायें आमंत्रित की गयी हैं। यह निविदायें www.http://etender.up.nic.in की वेबसाइट पर दिनांक 16.09.2022 से उपलब्ध रहेंगी जिसको दिनांक 16.09.2022 से 22.09.2022 तक डाउनलोड किया जा सकता है। ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 22.09.2022 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निर्धारित है। निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण व शर्तें कारपोरेशन की वेबसाइट www.upprojects.org पर देखा जा सकता है।

परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई-14



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
आन्ध्रा Andhra | कार्पोरेशन Corporation

Regional Office:
466/2/3, Harihar Prasad Dubey Marg
Daudpur, Gorakhpur-273001
Ph.: 0551-2200582, 2202397

Appexdix-IV-A (Provision to rule 8 (6)
SALE NOTICE FOR SALE IMMOVABLE PROPERTIES

E-Auction Sale Notice for Sale of Immovable Assets under the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and enforcement of Security Interest Act, 2002 read with proviso to Rule 8 (6) of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002. Notice is hereby given to public in general and in particular to the borrowers and guarantors that the below described immovable property mortgaged / charged to the secured creditor Union Bank of India, the Symbolic Possession of which has been taken by the Authorized officer of the Union Bank of India (Secured creditor), will be sold on "As is what is" and "what ever there is " as per below mentioned details given in tabular form: **Last date for submission of EMD - On or before the commencement of e-Auction.**

| Lot No. | Name of the Borrower/ Guarantor& Branch | Details & Description of Mortgage Immovable Property | Reserve Price | E-auction date & Time |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **Branch- Kachehari, Civil Court Campus, Distt. Gorakhpur, Borrower 1. Smt. Rekha Sharma W/o Shri Suresh Sharma,** Humayunpur North Ansari Road Tehsil-Sadar, Distt. Gorakhpur Pin-273015 **Co-Borrower 2. Mr. Suresh Sharma S/o Ram Awadh Sharma,** Humayunpur North, Ansari Road Tehsil-Sadar, Distt. Gorakhpur Pin-273015 | All the part and parcel of single storied ACC roofed building on Arazi No. 13, House No. 276,situated at Mauza Humayunpur (Rasoolpur) behind Gorakhnath Police Station Tehsil-Sadar, Distt. Gorakhpur in the name of Smt. Rekha Sharma Sale deed no. 2069 dated 16.03.2015 admeasuring 570.87sq.ft. **Boundaries: East-** Plot of Vendor **West :** 15 feet wide road **North:** Plot of Vender **South:** Plot of Shri Ram Chandra **Boundaries as per actual: East:** Plot of Vendor, **West:** 10 feet wide Road, **North:** Plot of Vender **South:** Plot of Sri Ram Chandra | Rs.8,75,000/- (Rupees Eight Lakhs Seventy Five Thousand Only) Rs. 87,500/- (Rupees Eighty Seven Thousand Five Hundred Only) | 20.10.2022 between 11am to 4pm (with 10 min unlimited auto extensions) E-auction website- www.mstcecommerce.com |
| 2. | **Branch- Mohaddipur Kavyanjali Heights Near Tiomneer Hospital Gorakhpur Borrower- M/s Rajvi Trading** (Partnership Firm-Partner) Rajeev Rai and Anshika Raj, H.No.-DD-61,Kalepur Paidleyganj,Gorakhpur (U.P.)- 273009 **1. Anshika Rai W/o Sri Rajeev Rai (Partner M/s Rajvi Trading)** H.No.-DD-61, Kalepur Paidleyganj Gorakhpur (U.P.) - 273009 **2. Rajeev Rai S/o Sri Rajman Rai (Partner M/s Rajvi Trading)** H.No.-DD-61, Kalepur Paidleyganj Gorakhpur (U.P.) - 273009 **Gaurantor- Sharda Rai W/o Sri Rajman Rai M/s Rajvi Trading)** H.No.-DD-61, Kalepur Paidleyganj Gorakhpur (U.P.) - 273009 | **Property 1.**Double Storied Residential land & building at Arazi No.79 mi, Khata No.00107, having area 1890 Sq.ft. at Mauza- Padaha,Tappa & Pargana-Haveli Tehsil-Sadar, Distt.Gorakhpur held in the name of Smt. Sharda Rai W/o Sri Rajman Rai through sale deed dated 12.09.1983 Bahi No.1, Zild No.2476 Pages 379/380 at Sl. No. 7419 registered at SRO Sadar Gorakhpur **Boundaries of the Property (As per Sale Deed) East :** 12 ft. wide Road **West:** Land of Fenku **North:** House of Lalman & Mathura Yadav, **South:** Land of Sri Kant **Boundaries of the Property (As per Sale Dee) East :** 12 ft. wide Road, **West:** Land of Fenku **North:** House of Lalman & Mathura Yadav, **South:** Land of Sri Kant | Rs.91,52,000/- (Rupees Ninety One Lakh fifty two thousand Only) Rs.9,15,200/- (Rupees Nine Lakhs fifteen two hundred Only) | 20.10.2022 between 11am to 4pm (with 10 min unlimited auto extensions) E-auction website- www.mstcecommerce.com |

**Note:** The online E-Auction will be held through web portal/website www.mstcecommerce.com on the date and time mentioned above with unlimited extension of 10 minutes. The intending bidders/purchasers required to register through https://www.mstcemmerce.com/auctionhome/ ibapi/index.jsp by using their mobile number and valid email-id. They are further required to upload KYC documents and Bank Details.

**Date: 14.09.2022** **Place: Gorakhpur** **Authorised Officer-Union Bank of India**



ARYAVART BANK आर्यावर्त बैंक
(A Joint Undertaking of Govt. of India, U.P. Govt. & Bank of India) भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार एवं बैंक ऑफ इण्डिया का संयुक्त उपकम)
Regional Office: Lucknow Aryavart Bhawan 569/20/K/1 Sneh Nagar V I P Road Opp Awadh Hospital Alambagh Lucknow

APPENDIX-IV-A [see proviso to rule 8(6)]

**Sale Notice for Sale of Immovable Properties**

E- Auction Sale notice for sale of immovable Assets Under the Securitisation and Reconstruction of Financial assets and Enforcement of Security interest Act., 2002 read with provision to rule of 8(6) of the security interest Enforcement rules, 2002
Notice is hereby given to public in general and in particular to the Borrower(s) and Guarantor(s) that is below Described immovable Property mortgaged/charged to the secured Creditor, the Possession of which has been taken by The Authorised officer of Aryavart Bank secured Creditor, will be sold on "As is Where is" "," As is what is", and" Whatever there is" on dates below Mentioned:

| Name & Address of Borrower(s) & Guarantor(s) & Branch | Total Liabilities / Date of Demand Notice | Brief Description of Immovable Property / Type of Possession | Reserve Price (Rs.) / Earnest Money Deposit (Rs.) / Increment Value (Rs.) |
|---|---|---|---|
